मऊगंज पुलिस का आठवां प्रशिक्षण सत्र हुआ

प्रशिक्षुओं को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र, प्रशिक्षण में भीड़ प्रबंधन आदि की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 2 अगस्त, आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को ध्यान में रखते हुए मऊगंज पुलिस द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आठवां सत्र 1 अगस्त को संपन्न हुआ.

इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को सिंहस्थ मेले जैसी विशाल धार्मिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था के दौरान आने वाली चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना है. प्रशिक्षण में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, गुमशुदा व्यक्तियों की खोज एवं पंजीयन, आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, सुरक्षा व्यवस्था, संचार प्रणाली, श्रद्धालुओं को सहायता उपलब्ध कराने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी जा रही है।मऊगंज जिले में इस प्रशिक्षण का दायित्व उप निरीक्षक जगदीश सिंह ठाकुर को सौंपा गया है. वे लगातार छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं. प्रशिक्षण के दौरान सिंहस्थ मेले में संभावित परिस्थितियों, लाखों श्रद्धालुओं के आगमन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों तथा उनके प्रभावी समाधान के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया जा रहा है. आठवें प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम एवं एसडीओपी मऊगंज सचि पाठक ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया.

अधिकारियों ने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है. बेहतर प्रशिक्षण से पुलिसकर्मी हर परिस्थिति में कुशलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे. मऊगंज पुलिस द्वारा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं.

जनपद अध्यक्ष ने सफाई कर दिया स्वच्छ गांव का संदेश

नवभारत न्यूज

गंगेव, 2 अगस्त, स्वच्छ एवं सुंदर गांव के निर्माण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत गंगेव अध्यक्ष विकास तिवारी के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला चौथियान टोला में स्वच्छता अभियान चलाया गया.

इस अभियान में विद्यालय के प्राचार्य बालेंद्र तिवारी सहित तिवनी गांव के युवाओं, ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. अभियान के दौरान पूरे विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई. कचरा, झाड़ियां और गंदगी हटाकर स्कूल परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया. जनपद पंचायत अध्यक्ष विकास तिवारी, प्राचार्य बालेंद्र तिवारी सहित उपस्थित युवाओं एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर स्वच्छता का सामूहिक संदेश दिया. इस अवसर पर जनपद पंचायत गंगेव अध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है. घर स्कूल और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है. स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ और सकारात्मक समाज का निर्माण संभव है. विद्यालय के प्राचार्य बालेंद्र तिवारी ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखने तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया.

भीटी से बड़ागांव-चौड़ियार बदबार जंक्शन तक बनेगी 45 करोड़ की टू-लेन सड़क

नवभारत न्यूज

गुढ़, 2 अगस्त, जिले के गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए एक अत्यंत हर्ष का विषय है. क्षेत्र के आवागमन को सुगम और आधुनिक बनाने की दिशा में भीटी से बड़ागांव-चौड़ियार बदबार जंक्शन तक 18 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क निर्माण की सौगात स्वीकृत हुई है.

लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना क्षेत्र के विकास और कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी. उल्लेखनीय है कि विगत माह आयोजित भैरव लोक मंदिर के भव्य लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह ने जनहित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष इस टू-लेन सड़क के निर्माण का प्रस्ताव रखा था. विधायक नागेंद्र सिंह की मांग को तत्परता से स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से ही इस मार्ग के निर्माण की घोषणा की थी. मुख्यमंत्री की घोषणा के परिपालन में अब लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण की प्रारंभिक प्रक्रियाएं बहुत जल्द प्रारंभ की जा रही हैं. इस 18 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क के बन जाने से दर्जनों गांवों का आपस में संपर्क बेहतर होगा और आमजन को सुरक्षित व सुचारू आवागमन की सुविधा मिलेगी. स्थानीय निवासियों किसानों और व्यापारियों के लिए यह सड़क आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी.

गुढ़ विधानसभा की जनता ने इस ऐतिहासिक सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधायक नागेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया है.

नगर परिषद का आज किया जाएगा घेराव

नवभारत न्यूज

गुढ़, 2 अगस्त, नगर परिषद गुढ़ के द्वारा अवैध वसूली एवं फर्जी नियुक्ति मामले को लेकर घेराव किया जायेगा.

अवैध रूप से किये जा रहे भुगतान, वर्ष 2026-27 का आम बजट की स्वीकृति न लेने के बाबजूद भी सीएमओ एवं अध्यक्ष की मिली भगत से करोड़ो रूपये का भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र व्यक्तियों को अभी तक आवास का लाभ न मिलना, बिजली की अघोषित कटौती, 06 माह से निराश्रित पेंषन का वितरण न होना, नगर का विकास कार्य अवरूध्द है आदि मॉगो को लेकर नगर परिषद के पार्षदों द्वारा अध्यक्ष अर्चना सिंह एवं सीएमओ मोहित शुक्ला के द्वारा तानाषाही रवैया अपनाये जानें के विरोध में आज 03 अगस्त 2026 को सुबह 12 बजे से नगर परिषद कार्यालय के सामनें धरना प्रदर्षन किया जावेगा तथा मॉग न मानें जानें की स्थिति में पार्षदों द्वारा अनिष्चित कालीन के लिये धरना प्रदर्शन किया जावेगा. नगर परिषद गुढ़ की वरिष्ठ पार्षद विमला रावत ने कहा है कि सभी पार्षदगण, पूर्व पार्षद समय पर पहुंचे.

सेवानिवृत्त होकर पहुंचे राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा का किया गया स्वागत

नवभारत न्यूज

गढ़, 2 अगस्त, देश की आंतरिक सुरक्षा में लगभग चार दशकों तक अद्वितीय सेवा देने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद मिश्रा 31 जुलाई को जीसी चंदौली (उत्तर प्रदेश) से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए.

उनके 38 वर्षों के गौरवशाली सेवाकाल की पूर्णता पर उनके पैतृक गांव लोरी नंबर-2, थाना गढ़ जिला रीवा में नागरिकों ने अभिनंदन किया. स्वर्गीय भगवानदीन मिश्रा के सुपुत्र राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने अपने जीवन के अमूल्य 38 वर्ष केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को समर्पित किए. सेवा के दौरान उन्होंने देश के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते

हुए अनुशासन, ईमानदारी, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट परिचय दिया. यही कारण है कि वे अपने वरिष्ठ अधिकारियों, साथियों और समाज के बीच सदैव सम्मान के पात्र रहे. उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कलवारी मोड़ कटरा से ग्राम लोरी नंबर-2 तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, शुभचिंतक एवं परिजन शामिल हुए. हाथों में तिरंगा लेकर लोग पूरे उत्साह के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम् और देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान करते रहे. मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया. गांव पहुंचने पर राजेंद्र प्रसाद मिश्रा का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया. इसके बाद आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया.

वालीबॉल प्रतियोगिता में अथर्व एवं रूद्र ने दिखाया अपना जौहर

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 2 अगस्त, समीपस्थ प्रयागराज जिले के शिवराजपुर(शंकरगढ़) के सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगड में अंतर-विद्यालय (इंटर-स्कूल) वॉलीबॉल प्रतियोगित का आयोजन किया गया.

जिसमें ग्रीन फील्ड एकेडमी, गौहनिया टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. प्रथम स्थान पर एम व्ही कॉन्वेंट कौशाम्बी की टीम रही . प्रतियोगिता के दौरान ग्रीन फील्ड अकादमी के उभरते हुए दो युवा वॉलीबॉल खिलाड़ी अथर्व अग्रहरी और रुद्र दुबे अपनी शानदार प्रतिभा और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रयागराज की वॉलीबॉल दुनिया में अपनी अलग पहचान बनायी है.

इन दोनों खिलाड़ियों के साथ-साथ पूरी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन का श्रेय उनके समर्पित एवं अनुभवी प्रशिक्षकों शिवम शर्मा और शचि द्विवेदी को भी जाता है.

उनके कुशल मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर मेहनत के कारण पूरी टीम हर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है तथा विभिन्न स्थानों पर जाकर अपने विद्यालय ग्रीन फील्ड एकेडमी, गौहनिया, प्रयागराज का नाम गौरवान्वित कर रही है.

संस्कृत भारती मऊगंज की जिला बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

मऊगंज 2 अगस्त। संस्कृत भारती मऊगंज जिले की जिला बैठक रविवार को सांदीपनि विद्यालय, मऊगंज में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य जिले में संस्कृतभारती के संगठनात्मक कार्यों को गति प्रदान करना, संस्कृत के प्रचार-प्रसार की आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श करना तथा विकासखण्ड स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना था।

बैठक में प्रो. डॉ. शिवकुमार दुबे (प्रान्तगणसदस्य, संस्कृतभारती) ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान एवं जीवन मूल्यों की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि प्रत्येक नगर एवं ग्राम तक संस्कृत सम्भाषण, संस्कृत शिक्षण तथा संस्कृत के संस्कारों को पहुँचाने के लिए नियमित गतिविधियाँ संचालित करें। प्रान्तमन्त्री श्री संदीप मिश्र: ने संगठन की आगामी कार्ययोजना, जनपद एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा संस्कृतभारती के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक लोगों को संस्कृत से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संस्कृतभारती का उद्देश्य संस्कृत को व्यवहार की भाषा बनाना है, जिसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। जिला संस्कृत प्रभारी डॉ. राजेश शुक्ल ने जिले में संचालित संस्कृत गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। विभागसंयोजक डॉ. कृष्णमणि शुक्ल ने संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं नियमित कार्ययोजना के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक का शुभारम्भ स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें जिला संयोजक श्री रूद्रपाल तिवारी ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए मऊगंज जिले में संस्कृतभारती के विस्तार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामय संचालन श्री विभूतिनन्दन पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर नगर सम्पर्क प्रमुख श्री सचिन मिश्र सहित जिले के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार के अंतर्गत हनुमना, नईगढ़ी एवं मऊगंज विकासखण्डों के संयोजकों की घोषणा की गई तथा सभी नवनियुक्त दायित्ववानों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित बैठकें, संस्कृत सम्भाषण वर्ग, संस्कृत सप्ताह, संस्कृत परिवार योजना एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रम संचालित करने का आग्रह किया गया।

वरिष्ठ उपयंत्री जयप्रकाश श्रीवास्तव बने एसडीओ

मऊगंज, 2 अगस्त, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा वरिष्ठता सूची के आधार पर 95 उपयंत्रियों को पदोन्नत किया गया है. जिसमें मऊगंज जिले में पदस्थ वरिष्ठ उपयंत्री जयप्रकाश श्रीवास्तव को भी पदोन्नत करते हुए उन्हें उपयंत्री से एसडीओ बनाया गया है.

उल्लेखनीय है कि जयप्रकाश निर्विवाद रूप से मऊगंज जिले के उन कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों में शुमार रहे हैं जिन्हें उनकी बेहतर कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक दक्षता के चलते कई बार सम्मानित भी किया गया है.

संविदा फायरमैन से वसूली किए जाने की मांग

नवभारत न्यूज

गुढ़, 2 अगस्त, नगर परिषद गुढ़ में कार्यरत संविदा फायरमैन सुरेश कुमार प्रजापति पर अधिक वेतन लेने एवं अनियमितताओं का आरोप लगाये गया है.

भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन आयुक्त, रीवा कलेक्टर तथा रीवा संभाग के संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है. शिकायत में कहा गया है कि सुरेश कुमार प्रजापति नगर परिषद गुढ़ में संविदा फायरमैन के रूप में कार्यरत हैं. आरोप है कि उनकी नियुक्ति अवैधानिक है तथा वे प्रभारी लेखपाल का कार्य भी करते रहे हैं. शिकायत के अनुसार उन्होंने अपने स्तर पर वेतन तैयार कर निर्धारित पात्रता से अधिक वेतन प्राप्त किया. अनंत कुमार गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जांच कराई गई थी.

राजमार्ग-30 पर 25 किलोमीटर के भीतर चल रहे हैं दो टोल बैरियर, एक को समाप्त किया जाए

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 2 अगस्त, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में टोल टैक्स के नाम पर हो रही नियम विरुद्ध वसूली लोगों के गले नहीं उतर रही है. जहां एक और नारीबारी के समीप गन्ने में टोल बैरियर लगाकर वाहनों से वसूली की जा रही है वहीं इसी मार्ग में रीवा जाते समय सोहागी पहाड़ के ऊपर भी टोल बैरियर लगाकर दुबारा वसूली हो रही है.

इन दोनों टोल बैरियर के बीच मात्र 25 किलोमीटर की दूरी है. इन 25 किलोमीटर के बीच दो बैरियर लगाकर टोल के नाम पर हो रही वसूली शासन के टोल नियमों की धज्जियां उड़ा रही है. कुछ समय पहले सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात उभर कर सामने आई है की राष्ट्रीय परिवहन मंत्री माननीय नितिन गडकरी जी सदन को संबोधित करते हुए कह रहे थे कि 60 किलोमीटर के पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली नहीं होनी चाहिए किंतु राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जो कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित है वहां 25 किलोमीटर के भीतर ही दो टोल बैरियर लगाकर वसूली की जा रही है. इस वसूली से जहां एक और वाहन स्वामियों को दोबारा पैसा देना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो देश के परिवहन मंत्री की घोषणा और शासन की योजना का खुला उल्लंघन यहां पर हो रहा है न जाने कितने अधिकारी और जिम्मेदार लोग इस बैरियर से गुजरते हैं और इस अन्याय को अभी तक रोक नहीं पाए हैं. यहां 25 किलोमीटर के भीतर दो टोल बैरियर परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी की घोषणा को झूठी साबित कर रही है.

सड़क परिवहन विभाग के अधिकारी इस मामले में उतने गंभीर नहीं है जितना की गंभीर होने का दावा भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है. एक टोल बैरियर से दूसरी टोल बैरियर की दूरी को नज़र अंदाज़ किया जा रह है. जहां एक ओर शासन की भ्रष्टाचार पर नियंत्रण की पोल खुल रही है वहीं वाहन स्वामियों को भी आर्थिक शोषण का शिकार बनाया जा रहा है. इस मामले की जांच करके और दोनो टोल बैरियर में एक को समाप्त किया जाना चाहिए. इस संदर्भ में नगर परिषद के अध्यक्ष विभव कुमार जायसवाल एवं सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार राम लखन गुप्त ने भी भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी को पत्र लिखकर गन्ने टोल प्लाजा को समाप्त किए जाने की भी मांग की है,

प्रदेश में पीएम स्वनिधि पखवाड़ा हुआ शुरू, 15 तक चलेगा, आत्मनिर्भर शहरी मध्यप्रदेश की ओर थीम पर चलाया जाएगा राज्यव्यापी अभियान

नवभारत न्यूज

सतना 02 अगस्त। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना देश के शहरी पथ विक्रेताओं को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुई है।

योजना के माध्यम से पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध ऋण, डिजिटल वित्तीय सेवाओं तथा यूपीआई-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लाखों परिवारों की आजीविका सुदृढ़ हुई है।

योजना के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने तथा शेष पात्र पथ विक्रेताओं तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग,द्वारा 1 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक विशेष पीएम स्वनिधि पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों, नगरीय निकायों एवं संबंधित सेंसेस टाउन में एक मिशन मोड कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाएगा। अभियान की थीम स्वनिधि से समृद्धि आत्मनिर्भर शहरी मध्यप्रदेश की ओर निर्धारित की गई है। अभियान के माध्यम से वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण, स्वरोजगार संवर्धन तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। प्रदेशभर में जनजागरूकता गतिविधियों, विशेष शिविरों, बैंक समन्वय बैठकों, हितग्राही संपर्क अभियानों तथा मीडिया एवं डिजिटल संचार गतिविधियों के माध्यम से अधिकतम पात्र पथ विक्रेताओं तक पहुंच बनाई जाएगी। विशेष पखवाड़े के दौरान राज्य सरकार द्वारा 20 लाख नवीन आवेदन प्राप्त करने, लगभग 2 लाख पूर्व अस्वीकृत प्रकरणों के पुनरीक्षण, विशेष बीएलबीसी (ठंदामतेश् स्मअमस ठंदामते ब्वउउपजजमम) एवं डीएलबीसी (क्पेजतपबज स्मअमस ठंदामते ब्वउउपजजमम) बैठकों के आयोजन, प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी) हितग्राहियों के साथ एकीकरण तथा ऋण एवं क्रेडिट कार्ड वितरण को अभियान मोड में संचालित करने पर विशेष फोकस किया जाएगा। पात्र पथ विक्रेताओं के ऋण एवं क्रेडिट कार्ड आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए नगरीय निकायों एवं बैंकों के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, क्रेडिट कार्ड आवेदनों को बैंकों को प्रेषित करने, स्वीकृत प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करने, क्रेडिट कार्ड सक्रियकरण बढ़ाने, डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने तथा पथ विक्रेताओं और बैंकर्स के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही अधिकतम हितग्राहियों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए संसाधन व्यक्तियों का चयन एवं स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। प्रदेश में अब तक 10.30 लाख से अधिक पथ विक्रेता योजना से लाभान्वित हुए हैं। योजना अंतर्गत 16.35 लाख ऋण प्रकरणों के माध्यम से 2,802.84 करोड़ रूपये से अधिक की ऋण राशि का वितरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत महिला हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है, जो महिला आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डिजिटल वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश में 7.17 लाख से अधिक पथ विक्रेता डिजिटल रूप से सक्रिय लेनदेन कर रहे हैं, जिन्हें योजना अंतर्गत 53.85 करोड़ रूपये से अधिक का कैशबैक प्राप्त हुआ है।